मौसम किसानों के साथ जिले में गर्मी से पीड़ित नागरिकों को भी बारिश की प्रतीक्षा

खाद-बीज खरीदने बाजार में किसानों की चहल पहल बढ़ी

नवभारत न्यूज

पांढुरना,19 जून. किसानों ने खेतो को बुआई के लिए पूरी तरह तैयार कर लिया हैं, वहीं मृग नक्षत्र भी समाप्ति की ओर हैं, लेकिन देश के अन्य क्षेत्र की तरह ही अब तक जिले में मानसून की झमाझम बारिश नहीं हुई हैं । किसानो द्वारा जोरदार बारिश की प्रतीक्षा कर रहे है।

मौसम विभाग के अनुसार और कुछ दिन तक मौसम सूखा ही रहने का अनुमान जताया गया है. इस मृग नक्षत्र में भी बारिश नही होने से आम नागरिको को भी उमस से परेशानी का सामना करना पड़ रहा रहा है.

बीते 12 जून शुक्रवार को दोपहर बाद बारिश हुई थी, उसके बाद पूरा सप्ताह बीतने के बाद भी बारिश नहीं हुई हैं । वहीं बारिश आने की उम्मीद से जिले के किसानो ने खरीफ की बुआई का नियोजन करके कृषि सामग्री खरीददारी की लिए बाजार में चहल पहल बढ़ने लगी है. जिससे पांढुरना में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के दिन सामग्री खरीददारी के लिए किसानों ने भीड़ खाद बीज की दुकानों में दिखाई दी।

खेती कार्यों में जुटे लोग बारिश में किसानों को खेती के साथ ही घर का भी ध्यान रखना पडता है. इस वर्ष 17 मई से अधिक मास शुरु होकर 15 जून तक होने से इस कालावधि मे शादी व अन्य काम नही होते हैं, जिससे किसान अब पूरीतरह से खेती के कामो में जुट हुए है. अनेक स्थानो पर खेती बुआई के लिए तैयार की जाकर मानसून की बारिश का इंतजार किए जा रहा है. तो अनेक किसान बुआई के लिए खेती तैयार करने के कामो में तेजी से जुटे हुए है. किसान सामान्यतहा दमदार बारिश होने पर जमिन की आवश्यक नमी को देखते हुए बुआई का कार्य शुरू करते है. बुआई के लिए समय पर भागदौड़ नहीं होना इसलिए किसानो ने कृषि सामग्री खरीदना शुरू किया है. बरसात में खेत में रखी कृषि सामग्री की सुरक्षा हो इस के लिए किसान ताडपत्री, प्लास्टिक भी खरीद कर रहे है. मौसम विभाग के अनुसार इस बार औसतन से कम बारिश होने के अनुमान से किसानो ने कम पानी में आनेवाले खरीफ फसल के बुआई का नियोजन करना शुरू किया है.

मौसम विभाग की माने तो जिले में 5 से 7 दिनो के दौरान हलके और मध्यम रुप से बारिश होने का अंदाज भी बताया जा रहा है.जिसे देखते हुए किसानो ने सामग्री की खरीददारी के लिए भागदौड़ शुरू की है.लेकिन रोहिणी नक्षत्र सूखा जाने से और अभी मृग नक्षत्र में भी बारिश विलंब होने से किसानो के चेहरो पर चिंता नजर आ रही है.

नागपुर मार्ग पर पलटा ऑटो,बच्चे सहित चार घायल,दो गंभीर

नवभारत न्यूज

सौसर, 19 जून. नागपुर मार्ग पर शिवाजी चौक के पास एक सवारियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया है।

ओवरलोडिंग बनी हादसे की वजह-

प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक ने क्षमता से अधिक यात्रियों को बिठा रखा था। ओवरलोडिंग के कारण शिवाजी चौक के पास चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और ऑटो बीच सड़क पर ही पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत सौसर के सिविल अस्पताल पहुँचाया गया।

घायलों में 9 साल का बच्चा भी शामिल

घायलों में दो लोग निमनी और दो लोधीखेड़ा के निवासी बताए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायलों में एक 9 वर्षीय मासूम बच्चा भी शामिल है, जिसे बेहतर और उचित इलाज के लिए डॉक्टरों ने छिंदवाड़ा जिला अस्पताल भेज दिया है।

सौसर पुलिस कर रही है घटना की जांच

घटना की सूचना मिलते ही सौसर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत खमरा में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम संपन्न

छिन्दवाड़ा. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक दीपक गेडाम के मार्गदर्शन तथा सेक्टर क्रमांक-2 के मेंटर लक्ष्मीधर माहोरे के नेतृत्व में शुक्रवार को विकासखंड बिछुआ की ग्राम पंचायत खमरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनसहयोग से बावड़ी में श्रमदान कर उसकी साफ-सफाई की गई। इसके बाद जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गइ.

तीन दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

छिन्दवाड़ा,19 जून. स्थानीय महर्षि विद्या मंदिर, नागपुर रोड स्थित सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 09 जून से 11 जून तक सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (25 घंटे) का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षक रसपाल सिंह भोमरा प्राचार्य यूनिक इंटरनेशनल स्कूल परासिया ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का शिक्षा में उपयोग पर विभिन्न कारकों को स्पष्ट किया। तृतीय दिवस पर प्राचार्या सुश्री श्रद्धा श्याममोहन त्रिपाठी ने भारतीय ज्ञान परम्परा का लक्ष्य ज्ञान का लोक कल्याण के लिए उपयोग, जीवन दर्शन, चेतना विज्ञान, आयुर्वेद, वेदान्त एवं बच्चों की अधिगम क्षमता के बारे में सारगर्भित प्रशिक्षण देकर बच्चों के समग्र विकास के लिए क्रियान्वयन की प्रेरणा दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के स्टॉफ ने सक्रिय उपस्थिति रही।

मुख्य नपा अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने नपा अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेट कर किया स्वागत

नवभारत न्यूज

पांढुरना,19 जून. हेमेश्वरी पटले द्वारा आज नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े से भेंट करने के बाद विधिवत मुख्य नगरपालिका अधिकारी का पदभार ग्रहण किया,तत पश्चात उन्होंने विभागीय प्रमुख अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही सभी को समय सीमा में कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे करने की बात कहीं।

गौरतलब हो कि प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किए गए थोकबंद तबादलों के तहत पांढुरना नगर पालिका के अधिकारी राजकुमार इवनाती का स्थानांतरण नर्मदापुरम तो वहीं इनके स्थान पर नर्मदापुरम की हेमेश्वरी पटले का पांढुरना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर पदस्थापना की है,दूसरे ही दिन अर्थात 16 जून को राजकुमार इवनाती यहां से भारमुक्त हो गए,वहीं शुक्रवार दोपहर को हेमेश्वरी पटले ने पांढुरना नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े से मिलने उनके कक्ष में पहुंची जहां नपा अध्यक्ष श्री घाटोड़े द्वारा सम्मान पूर्वक उनका अभिवादन स्वीकार कर नपा अध्यक्ष द्वारा नपा अधिकारी को पुष्प गुच्छ भेटकर उनका स्वागत किया।

तत पश्चात श्रीमती पटले द्वारा विधिवत पदभार ग्रहण कर विभागीय प्रमुख अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही इन्होंने सभी से विभागीय कार्य समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ करने की बात कहीं।

सर्पमित्र ने रेस्क्यू कर पकड़े दो सांप

नवभारत न्यूज

छिन्दवाड़ा,19 जून. बारिश के सीजन शुरू होते ही सांपो का निकलना शुरू हो गया है। हालात यह है कि जरा सी बारिष के बाद गड्ढों में पानी भरने के बाद सांपों निकलकर जमीन पर आ जाते है। ऐसे में सांपों का डसना आमबात हो गई है। ऐसा ही एक मामला सुभाष कालोनी का आया है। जहां एक खाली प्लाट में रखी ईंटों को अलग कर दो सांप पकड़े। जानकारी अनुसार सर्पमित्र अतुल तुर्के ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह सुभाष कालोनी पहुंचे। जहां ईंट भर रहे मजदूरों ने बताया कि ईंटो के अंदर सांप छुपा हुआ है। इसके बाद ईंटों को हटाया गया। इस दौरान दो सांपों को पकड़ा गया। सर्पमित्र के मुताबिक सांप जहरीले नहीं थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान धामन, कील बैक चौकर्ड, कोबरा, कॉमन ट्रिंकट, रसेल वायपर और कॉमन कैरेथ जैसी प्रजाति के सांप निकलते है। इनमें कोबरा, रसेल वायपर और कॉमन कैरेथ सांप जहरीले होते है। इसलिए सांप निकलने पर लापरवाही वरतें। सांप को मारने या पकड़ने का प्रयास न करे। तत्काल सर्पमित्र को जानकारी देकर अपनी सुरक्षा करे।

कुक कम हेल्पर कुकिंग कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन

विकासखंड स्तर पर 30 रसोइयों ने लिया भाग, विजेताओं को किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज़

सौंसर 19 जून. आज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुक कम हेल्पर के कुकिंग कॉम्पिटिशन हेतु विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नानाभाऊ मोहोड के हस्ते हुआ।

गणमान्य अतिथियों की रही उपस्थिति-

इस अवसर पर नगर परिषद सौंसर अध्यक्षा श्रीमती सुरेखा ताई डागा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पल्लवी ताई भूते, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सरवरे, खंड पंचायत इंस्पेक्टर सुभाष ठाकरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

30 रसोइयों ने दिखाई पाक कला

उक्त कार्यक्रम में 30 रसोइयों द्वारा प्रतिस्पर्धा में भाग लिया गया। प्रतिस्पर्धा के दौरान विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन बनाकर कार्यक्रम को रोचक बनाया गया। निर्णायक मंडल ने पोषण मूल्य, स्वाद, प्रस्तुति एवं स्वच्छता के आधार पर व्यंजनों का मूल्यांकन किया।

विजेताओं को किया गया सम्मानित

अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन सी.ए.सी. विजय मोहोड एवं अभिनय घोरमारे द्वारा किया गया।

पिछड़ा वर्ग के सशक्तिकरण और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार : पवन पाटीदार

छिंदवाड़ा. भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार अपने एक दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को छिंदवाड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुज शंकरलाल पाटकर एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेंद्र अल्डक की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

नीरज का दूसरी बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुआ नाम दर्ज

नवभारत न्यूज

पांढुरना,19 जून. पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहे पांढुरना के ग्राम तिगांव निवासी वाटर हीरो एवं जल प्रहरी नीरज वानखड़े ने एक बार फिर अपनी अनूठी पहल से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने 108 सीताफल के बीजों को एक ही सीड्स बॉल में समाहित कर देश का सबसे बड़ा सीड्स बॉल तैयार किया, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हुआ है।श्री वानखड़े का मानना है कि सीड्स बॉल केवल एक मिट्टी का गोला नहीं, बल्कि भविष्य के हरित भारत का बीज है। लोगों में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वे वर्षों से हजारों सीड्स बॉल तैयार कर जंगलों, पहाड़ियों और बंजर भूमि पर फेंकते आ रहे हैं, ताकि प्रकृति स्वयं नए वृक्षों का निर्माण कर सके।वर्ष 2026 में उन्होंने अपनी संस्था एवं सहयोगियों के साथ मिलकर 50 हजार सीताफल के बीजों तथा 5 हजार बिहाड़ा एवं रीठा के बीजों के सीड्स बॉल तैयार किए हैं। इस प्रकार कुल 55 हजार सीड्स बॉल बनाने का लक्ष्य पूरा कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।श्री वानखड़े ने बताया कि 50 हजार सीताफल के सीड्स बॉल तैयार करने के पीछे केवल वृक्षारोपण का उद्देश्य नहीं है, बल्कि जंगलों में रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाना भी है। भविष्य में जब ये सीताफल के वृक्ष फल देंगे, तो स्थानीय ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बोर रिचार्ज, मैजिक पिट निर्माण तथा जल संरक्षण की अन्य तकनीकों को बढ़ावा देकर हजारों लोगों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया है। कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में भी उन्होंने समाज सेवा का परिचय देते हुए 65 हजार मास्क बनाकर नि:शुल्क वितरण किया था।

इतना ही नहीं, उन्होंने देश का सबसे लंबा फेस मास्क तैयार कर अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया था।स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि नीरज वानखड़े के प्रयास केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी हरित, सुरक्षित और जल समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

ग्राम कामठी कला में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं प्रदर्शनी आयोजित

नवभारत न्यूज

पांढुरना,19 जून. विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य प्राकृतिक खेती की कार्यशाला का आयोजन ग्राम कामठी कला में आज शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में वैज्ञानिकों, मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्राकृतिक खेती तथा प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को प्रेरित किया गया। इस दौरान जीवामृत, घन जीवामृत, निर्मास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि प्राकृतिक खाद एवं दवाओं के निर्माण एवं उपयोग की पूर्ण विधि की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. हेमलता अहिरवार, छिंदवाड़ा द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने मिट्टी परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह भी दी।तत्पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकता है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रत्येक किसान को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

रामुढाना, जोबनी, कोपरावाड़ी खुर्द में जनसंपर्क अभियान आयोजित

नवभारत न्यूज़

सौंसर 19 जून. केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत रामुढाना, जोबनी एवं कोपरावाड़ी खुर्द में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर आत्मीय भेंट की तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। जनसंपर्क के दौरान संजय कुमरे, कैलाश कुमरे, हेमराज कायदा, भोंदू सिल्लू, देवराव बेटे, तेजराम बनके, राजाराम बोसम, राजेश धुर्वे, धनकलाल सिल्लू, अशोक धुर्वे, सुरेश धुर्वे, अरुण उईके, धनराज परतेती, किशोर धुर्वे, राम परतेती, रमेश उईके, लोकेश उईके, दिलीप धुर्वे, विनोद धुर्वे, जागेश्वर ढोमणे, देवराव ढोके, पियुष ढोमणे, रामेश्वर उईके, गोलू विश्वकर्मा, रामेश्वर लाड, विश्वेश्वर ढोमणे तथा श्रीमती सीता उईके, श्रीमती मंदा कावळे, श्रीमती सावित्री बावणे, श्रीमती दुर्गा ढोके, श्रीमती कांता उईके एवं श्रीमती साकीना धुर्वे के निवास पर पहुंचकर संपर्क किया गया।

किसान कांग्रेस का संगठन विस्तार

छिन्दवाड़ा,19 जून. जिला किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने वरिष्ठ नेताओं के आदेक्षानुसार और सहमति से किसान कांग्रेस संगठन का विस्तार करते हुये चौरई, बिछुआ और सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घोषित की है। उक्त कमेटी ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौरई सुशील सक्सेना, बिछुआ अध्यक्ष कल्याण पटेल और सिंगोड़ी अध्यक्ष घनश्याम पटेल के प्रस्ताव पर की गई है, नवनियुक्त पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से चौरई, बिछुआ, सिंगोड़ी, अमरवाड़ा एवं हर्रई है।

किसान भाई 50 लीटर तक डीजल, केनों में ले सकेंगे

नवभारत न्यूज़

छिन्दवाड़ा. वर्तमान में खरीफ फसल की बुआई का कार्य प्रारंभ होने तथा किसानों, अत्यावश्यक सेवाओं एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि प्लास्टिक के डिब्बों में अधिकतम 50 लीटर तक डीजल का प्रदाय किया जा सकेगा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार किसानों को विक्रय किए गए डीजल का संधारण संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा किया जाएगा। साथ ही इसकी पाक्षिक जानकारी अनिवार्य रूप से कलेक्टर कार्यालय की आपूर्ति शाखा को उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित अधिकारियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एवं ऑयल कंपनियों द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय स्तर से राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में एचएसडी की बिक्री में असामान्य वृद्धि के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

आधे से अधिक किसानों ने की बुआई,अब दोबारा बोनी का गहराया संकट

नवभारत न्यूज

सौसर, 19 जून. क्षेत्र में मानसून की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मृग नक्षत्र अब समाप्त होने की कगार पर है, लेकिन आसमान में बादलों की आवाजाही के बावजूद बारिश का कोई अता-पता नहीं है।

इस अनिश्चितता के बीच क्षेत्र के आधे से ज्यादा किसानों ने मानसून की आस में अपने खेतों में महंगे बीज डाल दिए हैं। अब समय पर बारिश न होने के कारण अन्नदाता के चेहरे पर मायूसी छा गई है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का डर सताने लगा है।

परंपरागत खेती और कपास पर भरोसा पड़ रहा भारी

सौसर क्षेत्र के किसान मुख्य रूप से परंपरागत खेती पर ही निर्भर हैं। लागत के मुकाबले पड़ता नहीं पड़ने के बावजूद, कपास को इस क्षेत्र की मुख्य और नकदी फसल माना जाता है। महंगी फसल होने के बाद भी किसानों का रुझान इस ओर सबसे ज्यादा रहता है। यही वजह है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्र में कपास का रकबा काफी बढ़ा है। कपास के अलावा, यहां के किसान तुवर, मूंगफली, ज्वार एवं अन्य फसलों की बुआई भी करते हैं, लेकिन पानी के अभाव में सभी फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

दोबारा बुआई की नौबत

फिलहाल बुआई कर क्षेत्र का किसान बुरी तरह फंस चुका है। यदि अगले एक-दो दिनों में अच्छी बारिश नहीं होती है, तो जमीन में डाले गए महंगे बीज अंकुरित होने से पहले ही जल जाएंगे। ऐसी स्थिति में किसानों के सामने दोबारा फसल बुआई करने की नौबत आ सकती है, जिससे उन पर कर्ज और आर्थिक बोझ दोगुना हो जाएगा। किसान अब केवल टकटकी लगाए आसमान की ओर देख रहे हैं और अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।इधर कृषि विभाग के अधिकारी योगेश भलावीं ने किसानों से अच्छी बारिश होने पर बुआई करने को कहा गया है।खाद बीज विक्रेता संघ के अध्यक्ष अमरीश जायसवाल ने किसानों से कपास बीज लगाने में जल्दबाजी न करें।बारिश आने के बाद ही बुआई करें।

उमस और तपन से आम जनजीवन भी हलाकान

मौसम की इस अनिश्चितता ने केवल किसानों को ही नहीं, बल्कि आम जनजीवन को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। बेचैनी भरी उमस और भीषण तपन से आम लोग हलाकान हैं। कूलर और पंखे भी इस उमस भरी गर्मी में बेअसर साबित हो रहे हैं।

सिकल सेल एनीमिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा. आयुष मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन के सिकल सेल एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 19 जून को सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रमिला यावतकर के निर्देशन में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय एवं शासकीय होम्योपैथिक औषधालय, छिंदवाड़ा में जागरूकता एवं स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.विपिन जैन, सिविल सर्जन डॉ.सुशील दुबे, आरएमओ डॉ.हर्षवर्धन कुड़ापे, पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिलीप खरे, डॉ.हितेश रामटेके, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.एल.एन. साहू, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. नवदीप बोरकर एवं डॉ. सपना साहू की गरिमामयी उपस्थिति थी।

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. M.Sc. CS (MCU)
B.Sc. Maths B.Sc. Biology (Honours)
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध। 24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766